हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 सितंबर 2025

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]



04 आरपीएफ रेल आईजी ने किया रेलवे स्टेशन का...





07 मप्र पुलिस विभाग ने उप निरीक्षक धर्मेंद्र तोमर को...






## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3150
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2420
उच्चतम भाव- 2770
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2480
उच्चतम भाव- 2500
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5590
मसूर
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-6360
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव- 3100
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4515
सरसों
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-6871
मूंग
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-6850
उड़द
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-6305
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3310
धान
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव- 2006
धनिया
न्यूनतम भाव-6450
उच्चतम भाव- 6450
मक्का
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव- 1800
अलसी
न्यूनतम भाव-6600
उच्चतम भाव- 6600

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 10216 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## झूठी रिपोर्ट करने पर 10 हजार का जुर्माना, तीन माह की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के पॉक्सो कोर्ट ने एक फैसले में पॉक्सो अधिनियम की धारा 22 झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायत करने पर एक दोषी को 3 माह की सजा और 10 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित करने की सजा सुनाई है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया गया कि न्यायालय अनुराग द्विवेदी, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पॉक्सो न्यायालय बासौदा, जिला-विदिशा ने अपने निर्णय दिनांक 29 सितम्बर को आरोपी को 3 माह की




सजा और 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। मामला इस प्रकार है कि अभियुक्त द्वारा थाना त्योंदा में फरियादी के विरूद्ध अपने नाबालिग बालक के माध्यम से मामले में रिपोर्ट पंजीबद्ध कराई थी। जिस पर से फरियादी के विरूद्ध पॉक्सो अधिनियम की धारा के तहत न्यायालय में प्रकरण चला था।

जिसमें फरियादी को दोषमुक्त किया गया था। उक्त मामले में आरोपी अपने बयानों एवं रिपोर्ट से पलट गया था। उक्त प्रकरण में संबंधित न्यायालय द्वारा थाना त्योंदा को आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किए जाने के संबंध में एक प्रतिवेदन भेजा गया था। न्यायालय के प्रतिवेदन के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना त्योंदा पर धारा 22 पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अनुसंधान उपरांत न्यायालय में त्योंदा पुलिस द्वारा चालान पेश किया गया था। विवेचना उप निरीक्षक जमीर काजी एवं रघुपति यादव द्वारा की गई। उक्त प्रकरण संभवतः जिले का प्रथम प्रकरण है जिसमें धारा 22 पॉक्सो एक्ट में सजा सुनाई गई है।

न्यायालय में विचारण के दौरान गवाहों के न्यायालयीन कथन न्यायालय के समक्ष कथन कराए गए एवं उपलब्ध साक्ष्य तथा अभियोजन के तर्क से सहमत होकर, अभियुक्त को दोष सिद्ध पाते हुए धारा 22 पॉक्सो एक्ट में 3 माह की सजा एवं 10000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण हेतु आरक्षक रीतेश तिवारी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## एसपी ने नगर में किया पैदल मार्च



गंजबासौदा। सोमवार को शाम के समय नगर में जिला पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी, एसडीएम संतोष बिटौलिया, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अरविंद यादव सहित सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे एवं पुलिस बल द्वारा पैदल मार्च करते हुए नगर में भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सिटी पुलिस थाना से, जयस्तंभ चौक, मील रोड, स्टेशन रोड, सावरकर चौक से होते हुए देहात थाना पहुंचे। एसपी ने नगर के मुख्य मार्गो पर सजे दुर्गा पाण्डालों के कुछ समिति संचालकों से चर्चा करते हुए झांकी स्थल पर कम आवाज में डीजे चलाने, समय सीमा का ध्यान रखने एवं झांकी विसर्जन एवं चल समारोह में ज्यादा तेज साउण्ड न बजाने, विसर्जन के दौरान ऐसी कोई गतिविधि न करें जिससे अन्य लोगों को ठेस पहुंचे एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियां दी गईं तथा दशहरा पर्व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही।

### भोपाल डिवीजन में 659 किन्नरों, 5715 अवैध वेंडरों पर हो चुकी है कार्रवाई

# आरपीएफ रेल आईजी ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को शाम के समय स्थानीय रेल्वे स्टेशन का रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ जबलपुर के महानिरीक्षक राजीव कुमार यादव ने निरीक्षण किया गया। जिसमें वह शाम करीब 6 बजकर 15 मिनिट पर रेल्वे स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, रेल्वे स्टेशन का प्लेटफार्म, ऑटो स्टेंड और आरपीएफ चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया में वाहनों के लिए रैलिंग लगाए जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जिससे स्टेशन परिसर में यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके। स्टेशन पर आने वाले वाहन ऑटो, दो पहिया, चार पहिया वाहन एक लाइन से निकल सकें।

निरीक्षण के दौरान रेल्वे प्लेटफार्म का निरीक्षण किया, वहां पर लगे



सीसी टीवी कैमरे देखे, उसके बाद चौकी पहुंचे। जहां उन्होंने सीसी टीवी कैमरे बाहर और रेल्वे स्टेशन की गतिविधियों की स्थानीय अधिकारियों से जानकारी ली। जानकारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेल्वे स्टेशन परिसर में लगे सीसी टीवी कैमरों को आरपीएफ चौकी में लगाने की बात कही। श्री यादव ने चर्चा के दौरान बताया कि रेल्वे में 1 जनवरी से अभी तक भोपाल डिवीजन में हमने करीब 5715 अवैध वेण्डरों को पकड़ा है, जिन पर सेक्शन 144 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं ट्रेनों में अवैध रुप से चल रहे करीब



659 किन्नरों को पकड़कर रेल्वे एक्ट के तहत उन पर कार्रवाई की गई है। महानिरीक्षक ने स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर चोरी की समस्याओं एवं हाल ही में घटित हुई चाकूबाजी की घटना का जिक्र करते हुए सीसी टीवी कैमरों का लाइव आरपीएफ चौकी में लगाने की बात कही। जिससे स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को सुगम किया जा सके। रेल्वे आईजी स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर लगभग 1 घण्टे तक रुके और स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## त्योंदा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा अवैध रूप से शराब विक्रय करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। दिनाँक 10 अगस्त को फरियादी हर्ष साहू उम्र 21 साल निवासी कस्बा बागरोद ने आरोपी राहुल घोषी, जितेन्द्र घोषी निवासीगण ग्राम गौणखेड़ी पठार के विरूद्ध शराब पीकर गाली गलौंज करते हुए डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर त्योंदा थाने में धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान पीड़ित संतोष साहू की मेडीकल रिपोर्ट में आधार पर प्रकरण में धारा 109 बीएनएस बढ़ाई गई। पुलिस टीम त्योंदा द्वारा सोमवार को आरोपी राहुल घोषी उम्र 35 साल निवासी ग्राम गौणखेड़ी पठार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी, गौरीशंकर राजपूत, उदय जकाते, प्रवेश, सतेन्द्र दांगी, हरिकेश तोमर , सैनिक रणवीर सिंह की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### दिन में कई बार हो रही बिजली गुल

त्योंदा। इन दिनों त्योंदा सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह मुख्यालय पर नहीं रुकते मैंटेनेंस के नाम पर दिन में कई बार बिजली की कटौती की जाती है। इन दिनों नवदुर्गा उत्सव त्यौहार चल रहा है लेकिन विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कई बार बिजली काटी जा रही है। जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।

### मच्छरों से लोग परेशान

गंजबासौदा। इन दिनों नगर के निचली बस्तियों एवं पाराशरी नदी किनारे के वार्डों में मच्छरों की संख्या में इजाफा होने के कारण यहां के रहवासियों को परेशान होना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने नपा से फागिंग मशीन की सहायता से धुएं का छिड़काव करने की मांग की है।

## पोषण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



गंजबासौदा। इन दिनों पोषण अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र नेगमा पिपरिया सेक्टर डाबर में पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती, धात्री और किशोरी बालिकाओं को बुलाकर स्वस्थ नारी सशक्त नारी पर चर्चा की और साथ पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें महिला बाल विकास की सुपरवाइजर संध्या श्रीवास्तव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता अहिरवार, आंगनबाड़ी सहायिका रामबाई चिढ़ार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निशा मैना, आशा कार्यकर्ता रामश्री अहिरवार सहित ग्राम की अनेक महिलाएं, किशोरी बालिकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## स्वयं सेवकों ने निकाली स्वच्छता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल की एन.एस.एस. बालक एवं बालिका इकाई के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर गांधी जयंती तक स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नगर पालिका के स्वच्छता अधिकारी राजेश नेमा का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एनएनएस कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान एवं रजनी गुप्ता के नेतृत्व में संस्था के 100 से ज्यादा स्वयंसेवक विद्यालय परिसर से अटल बिहारी कॉलोनी, गीता टॉकीज़ मार्ग, अंबेडकर चौक, रविदास कॉलोनी, नई बस्ती होते हुए स्वच्छता रैली में शामिल हुए। इस दौरान स्वयंसेवकों ने हम सब ने यह ठाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है।



नगर स्वच्छता का है अभियान, जिससे बढ़ेगी सबकी शान के नारे लगाए। रैली के दौरान जगह-जगह पॉलीथीन, कचरा, कागज, टीन के डिब्बे एकत्रित कर डस्टबिन में रखे गए। कई स्थानों पर झाड़ू लगाकर बस्ती के लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान संस्था के बालक एवं बालिका इकाई के स्वयंसेवकों के साथ शिक्षकगण मौजूद थे। निबंध प्रतियोगिता में तान्या शर्मा, अंजली कुशवाह एवं अरुण अहिरवार ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजली दांगी समूह, दूसरे स्थान पर आरती, मुस्कान समूह एवं तीसरे स्थान पर श्रद्धा दांगी रक्षा परिहार समूह रहा। इसी तरह पोस्टर निर्माण में प्रथम स्थान चंचल लोधी वीरसिंह, दूसरे स्थान पर सृष्टि मालवीय बदन सिंह, तीसरे स्थान शिवि महेन्द्र सिंह दांगी ने स्वच्छता एवं पर्यावरण को लेकर श्रेष्ठ पोस्टर तैयार प्राप्त किया।।

## शक्ति पर्व पर हुआ शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवरात्रि नौ दिन शक्ति की उपासना होती है। इस अवसर पर आर्य समाज मंदिर में सभी वर्ग की महिलाओं और बेटियों ने एक साथ मिलकर शस्त्र पूजन किया। समाज सेविका रंजीता सिंह ने बेटियों को अपने अंदर की शक्ति पहचानने को कहा, उन्होंने आत्मरक्षा को बेहद महत्वपूर्ण बताया और जीवन में किसी से ना डरने की सलाह दी एवं हर हाल में अपनी रक्षा करने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर आर्य समाज प्रमुख सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि सभी भगवान के हाथ में शस्त्र हैं। इंसान ने भगवान की पूजा तो की लेकिन शस्त्र के महत्व को नहीं समझा। भगवान श्री राम ने भी बुराई का अंत करने के लिए अस्त्र शस्त्र का प्रयोग किया था और आज के समय में भी बुराई का अंत करने के लिए कोई परिस्थिति बनती है, तो शस्त्र उठाना आवश्यक है। इस अवसर पर रचना श्रीवास्तव, मंजू राजपूत, रानू राजपूत, प्रीति शर्मा, योगिता राजपूत, अंजना राजपूत, रंजू राठौर, अक्षया राजपूत, दीक्षा राजपूत, आरोही समैया, आर्यन श्रीवास्तव अश्विनी श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### एसजीएस कॉलेज में आयोजित शिविर में हुई विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच

## स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.नरेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील पाटीदार ने किया एवं उन्होंने परिवार को सशक्त करने में नारी की महत्ता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता एवं डॉ. सरिता घेंघट ने छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित व्यायाम करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में उमंग क्लीनिक परामर्शदाता अशोक कुमार उपस्थित रहे। अशोक कुमार द्वारा उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय उमंग प्रभारी अभिषेक सिंह द्वारा उमंग कार्यक्रम के तहत होने वाले स्वास्थ्य गतिविधियों के संबंध में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य के संबंध में क्या-क्या कार्यक्रम आयोजित होते है आदि कार्यक्रमों के संबंध में उन्होंने विद्यार्थियों को जानकारी दी। आज स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाना है। जिसमें निः शुल्क बीपी, डायबिटीज एवं हीमोग्लोबिन की जांच की जा रही है। शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में आयोजित शिविर में पहले दिन 100 से अधिक छात्र छात्राओं ने शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम प्रभारी घनश्याम चौकसे, शिवानी विश्नोई, भावना रघुवंशी, डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ. आर डी जाटव, डॉ. कंचन वैद्य, डॉ. पवन जैन एवं अन्य समस्त स्टॉफ ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर शिविर के आयोजन में सहयोग किया।

### उदयपुर में स्वच्छता अभियान में 220 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

गंजबासौदा। ब्लॉक में चल रहे संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स कार्यक्रम के अंतर्गत, सिनर्जी संस्थान और एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम उदयपुर में एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में



लगभग 220 ग्रामवासियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने श्रमदान कर गाँव की सफाई की और स्वच्छता शपथ लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व, विद्यालयों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी गई। इस अवसर पर सिनर्जी संस्थान के जिला समन्वयक बुलबुल मौर्य, डॉ. सचिन अग्रवाल, प्रिया वंस्कार, राहुल नामदेव और संदीप उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत ग्राम की आंगनबाड़ी केंद्रों में डस्टबिन का वितरण भी किया गया, जिससे कचरा प्रबंधन बेहतर किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत सरपंच ने सभी ग्रामवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस आयोजन ने ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई और सामूहिक भागीदारी के माध्यम से स्वच्छ ग्राम की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया गया।

## विश्व शांति हेतु गायत्री महायज्ञ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में राधा कृष्ण पुरम में दीप महायज्ञ किया गया। जिसमें कॉलोनी में रहने बाले परिजन अपने अपने घरों से पांच पांच दीपक लेकर एक जगह इकट्ठे हुए और 501 दीपकों को जलाकर गायत्री महामंत्र और महामृत्युंज्यमंत्र के माध्यम से विश्व शांति की भावना से आहुतियां अर्पित की।

गायत्री परिजन सुरेश सैनी द्वारा कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। उन्होंने गुरूदेव आचार्य राम शर्मा के संदेशों की चर्चा करते हुए बताया कि विश्व शांति के लिए शांति कुंज हरिद्वार में पिछले 99 वर्ष से अखंड दीपक जल रहा है। विश्व गायत्री परिवार द्वारा सन 2026 में बसंत पंचमी के अवसर पर पूरे विश्व में बंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी तथा अखंड दीप की शताब्दी मनाई जाएगी। इसकी तैयारियां पूरे विश्व में अभी से शुरू कर दी गई हैं।

कार्यक्रम की सफलता के लिए सुरेश सैनी द्वारा गायत्री परिजनों से गायत्री मंत्र की जप संख्या बढ़ाने का निवेदन किया है। वर्तमान में पूरे विश्व में अशांति का वातावरण है विनाशकारी शक्तियां प्रबल जोर पर हैं। प्रकृति भी वर्तमान में अपना रौद्र रूप दिखा रही है, कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं पर कम वृष्टि के कारण अकाल पड़ रहा है। जहां कभी वर्षा नहीं होती थी वहां पर विनाशकारी बाढ़े आ रही हैं। अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं जिससे समुद्र तल उठ रहा है। कार्यक्रम में सुधा भारद्वाज, नारायण सिंह दांगी, महेश शर्मा, वंदना देवधर आदि मौजूद थीं।

## खबर संक्षेप

### आजीविका फ्रेश मेला

**सागर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित आजीविका फ्रेश मेला में श्याम तिवारी द्वारा भ्रमण किया गया, तिवारी द्वारा स्व सहायता समूहों से उत्पाद निर्माण एवं विक्रय पर चर्चा की, उन्होंने समूहो से उत्पाद क्रय किये, समूहो द्वारा लगाए गए फ़ूड स्टाल पर मुनगा पराठे का स्वाद लिया, तिवारी ने स्वेदशी उत्पाद को बढ़वा देने हेतु आम जनता से आहवान किया कि मेला में आकर स्व सहायता समूहों के उत्पाद खरीदे ओर समूहो का उत्साह वर्धन करे।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चलाया गया स्वच्छता अभियान

**सागर।** शासन द्वारा संचालित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें सागर संभाग सागर के कार्यालय भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें क्षेत्रीय संचालक डॉ नीना गिडियन, वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ एम.पी.शर्मा, उपसंचालक डॉ सुषीला यादव/डॉ जितेन्द्र सिंह/डॉ सचिन मलैया एवं कार्यालय अन्य सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा कार्यालय भवन में संचालित सभी शाखाओं एवं कक्षों में साफ-सफाई का विशेष कार्य किया गया। तथा भविष्य में नियमित रूप से इसे जारी रखे जाने का संकल्प लिया गया।

### बीएमसी में दो दिवसीय श्रवण परीक्षण शिविर

**सागर।** अंतरराष्ट्रीय बधिरता सप्ताह के अंतर्गत बुंदेलखंड मेडिकल कालेज के नाक कान गला विभाग द्वारा दो दिवसीय निशुल्क शिविर दिनांक 27 सितंबर एवं 28 सितंबर 2025 को आयोजित किया गया। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि इस सप्ताह में कान से संबंधित 280 मरीजों का उपचार किया गया जिसमें 64 मरीजों का श्रवण परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों को ऑपरेशन की सलाह दी गई एवं निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। लगभग 16 मरीजों को कान की मशीन हेतु चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया । शिविर में नवजात शिशुओं से लेकर वयस्क एवं वृद्ध भी लाभान्वित हुए।

### बचपन प्ले स्कूल में मनाया नवरात्रि पर्व



**विदिशा।** बचपन प्ले स्कूल में नवरात्रि एवं दशहरा उत्सव मनाया गया। नन्ही बालिकाओं ने नौ देवियों के रूप धारण कर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बचपन की संचालिका अंजली श्रीवास्तव ने कन्याओं का पूजन कर उनको उपहार भेंट किए। बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर धार्मिक गीतों पर गरबा किया। गरबा नृत्य के बाद श्रीराम एवं लक्ष्मण जी के द्वारा रावण दहन कर दशहरा उत्सव मनाया गया।

### नगर की आठ बस्तियों में पथ संचलन 2 को

**विदिशा।** नगर की 8 बस्तियों में 2 अक्टूबर को पथ संचलन निकाला जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह राजेंद्र बघेल ने बताया कि गुरु गोविंद बस्ती, सुदर्शन बस्ती, सरस्वती बस्ती, यमुना बस्ती, नर्मदा बस्ती, महावीर बस्ती, कबीर बस्ती, रविदास बस्ती इनका संचलन दशहरे को निकलेगा। बाकी 12 बस्ती का संचलन 5 अक्टूबर और 12 अक्टूबर को निकालेंगे।

### आंगनबाड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**शमशाबाद।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र डंगरबाड़ा (सेक्टर वर्धा) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक कमला पवार ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें संतुलित आहार, बच्चों के लिए पोषण के लाभ तथा स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। साथ ही पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका धाकड, नीतेश धाकड़, सुलेखा मेहर,धन बाई राजपूत सहित मौजूद रहीं।

## सिरोंजवासी एक बार फिर हुए गौरवांवित

# मप्र पुलिस विभाग ने उप निरीक्षक धर्मेंद्र तोमर को किया सम्मानित

### *राज्य स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया प्राप्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

म.प्र पुलिस मुख्यालय भोपाल में पदस्थ सिरोंज के युवा उप निरीक्षक धमेंन्द्र तोमर ने 69वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता के ईवेंट-2 ऑफिस ऑटोमेशन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष व हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी से उप निरीक्षक धमेन्द्र तोमर की विशेष चर्चा की। सिरोंज की तंग गलियो में रहने वाले और जिस युवक ने सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण की एंव स्कूल के बाद टेलरिंग का काम किया हो और उनके पिता ने बिडी बनाकर अपने परिवार को चलाया। नगर के हाजीपुर निवासी स्व राम गोपाल तोमर के पुत्र धमेन्द्र तोमर जो कि आज मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल की प्रशासन शाखा में अपनी सेवाएं दे रहें है।

### सरकारी स्कूल में शिक्षा की ग्रहण

जहां उप निरीक्षण धमेन्द्र तोमर ने फिर एक बार सिरोंज को गौरंवित करते हुए 69वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता के ईवेंट-2 ऑफिस ऑटोमेशन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मध्य प्रदेश पुलिस की राष्ट्रीय स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता की टीम में चयनित होने पर स्पेशल डी.जी. प्रशासन आदर्श कटियार, ए.डी.जी. एस.सी.आर.बी. जयदीप प्रसाद,आई.जी. प्रशासन श्रीमती रुचिवर्धन मिश्र, डी.आई.जी. प्रशासन सतेन्द्र कुमार शुक्ल, डी.आई.जी. सुरेन्द्र गौर, ए.आई.जी. प्रशासन अनुराग सुजानिया, ए.आई.जी. विधि-3 शशिकांत शुक्ला, ए.आई.जी. कार्मिक अमित सक्सेना, पी.एस.ओ. टू डी.जी.पी. मलय जैन, ए.आई.जी. विधि-2 श्रीमती बीना सिंह, ए.आई.जी. एस.सी.आर.बी. श्रीमती ऋचा चौबे द्वारा धर्मेन्द्र तोमर को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं आशीष व शुभकामनाऐं दी।



### सिरोंज एक बार फिर हुआ गौरवांवित



*पुलिस मुख्यालय भोपाल में पदस्थ उप निरीक्षण धमेन्द्र तोमर की संघर्षमय कहानी सुनकर सिरोंज के प्रेत्यक व्यक्ति अपने आप में गर्व महशूश करता है। सिरोंज में भी ऐसे युवा है जिन्होने अपनी जिन्दगी संघर्ष और गरीबी के बीच बिताई हों। सिरोंज जब गौरंवित हुआ जब मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय में सिरोंज के युवा धमेन्द्र तोमर का नाम एक बार फिर सम्मान के लिए पुकारा गया तो उनको सिरोंज के हाजीपुर मोहल्ला तहसील सिरोंज के नाम दूसरी बार सम्मान मिला और इसका समाचार जब मीडिया में आया तो सिरोंजवासी गौरंवित हो गए। तो वही धमेन्द्र तोमर ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान अपनी संघर्ष की कहानी सुनाते हुए कहा कि मेरी कक्षा 1 से लेकर स्नातक तक की शिक्षा सिरोंज में ही पूर्ण हुई। में सुबह 8 से दोपहर 12 बजें तक स्कूल में अध्ययन करता था और दोपहर 2 बजें से देर रात तक सिरोंज के ढाल बाजार मोहल्ले पर टेलर्स का काम सीखता था। तो वही उस समय देर रात तक लाईटेंट रखकर अपना अध्ययन करता था। वही उन्होने कहा कि मेरे तीन भाई और एक बहन और माता-पिता परिवार में थें। लेकिन परिवार का सबसे बडा बेटा में था और हम सब आर्थिक तंगी से जूझ रहें थें। इसी बीच मेरे पिता जी उस जमाने में वार्ड नम्बर 2 से निर्दलीय पार्षद भी चुने गए थें। लेकिन मेरे दिल में यह था कि में सरकारी नौकरी करू। में आईएएस की पढाई कर कलेक्टर बनना चाहता था। लेकिन में यह भी सोचता था कि जो भी सरकारी नौकरी की जगह निकलती थी। वहा भी में इंर्टव्यू देता था। इसी बीच जब पुलिस विभाग में नौकरी की जगह निकली तो मैने उक्त नौकरी के लिए फार्म भरा और में उक्त पुलिस की परीक्षा में सफल रहा। लेकिन घर परिवार की परिस्थिति देखते हुए मैने उक्त पुलिस की नौकरी ज्वॉइन किया और दिन रात मेहनत और ईमानदारी से अपना काम कर मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय में अब अपनी सेवाएं दे रहा है। आज सिरोंजवासियो का भी मुझे आर्शीवाद प्राप्त है कि में आज दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मेरा चयन हुआ है।*

### प्रशासन शाखा के लिए गौरव का विषय

*69वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का आयोजन राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो एस.सी.आर.बी. पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा दिनांक 10 सितम्बर को पुलिस अकादमी भौंरी, भोपाल में कराया जाकर पुलिस मुख्यालय की राष्ट्रीय स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता की टीम का गठन किया गया है। इस अवसर पर स्पेशल डीजी प्रशासन श्री कटियार ने कहा कि यह प्रशासन शाखा के लिए गौरव का विषय है। धर्मेन्द्र तोमर की इस सफलता से अन्य कर्मचारी व अधिकारी भी प्रेरित होकर तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित होंगे। इसके अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के निज सचिव प्रमोद सिंह, वि.म.नि. (प्रशासन) के निज सचिव नरेन्द्र गंगराडे,पु.म.नि. (प्रशासन) की निज सहायक श्रीमती आकांक्षा सिंह, उ.म.नि. (प्रशासन) के निज सहायक गौरव शर्मा, स.म.नि. कार्मिक के निज सहायक रोहित गीते, स.म.नि. विधि-3 के निज सहायक अमर सोलंकी, स.म.नि. (विधि-2) के निज सहायक अमित सेन सहित पुलिस मुख्यालय की प्रशासन शाखा के सहकर्मी अमित क्षेत्री, मनोज जैन,लीलाधर तिवारी,कार्मिक शाखा के सहकर्मी अरविन्द साहू, हेमंत उईके, विधि-3 शाखा के उप पुलिस अधीक्षक सुरेश बाथम,हेमंत श्रीवास्तव,बसंत नामदेव,जीतेन्द्र मेवाफरोश,राहुल खरे,सुशील शर्मा, धीरज बिसारे व राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो के उ.पु.अ. श्रीमती निधि श्रीवास्तव, उ.पु.अ. मनोज राजपूत, उ.पु.अ. दीपक कदम,रितेश ठाकुर,मोहित राजवैद्य एवं पुलिस मुख्यालय के अन्य समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी धर्मेन्द्र तोमर को पुष्प गुछ भेंट कर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाऐं दी व उत्साहवर्धन किया गया।*

## राष्ट्रीय अंडर-19 सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता

# मप्र का प्रतिनित्व करेंगे सिरोंज के खिलाड़ी इकराम मोहम्मद



**सिरोंज।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय के छात्र एंव शिक्षक शमीम मोहम्मद के पुत्र इकराम का चयन मध्य प्रदेश की टीम में हुआ। इस मौके पर इकराम मध्य प्रदेश की ओर से राष्ट्रीय अंडर-19 सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता कश्मीर श्रीनगर में खेलेंगे। वही वह मध्य प्रदेश के चयनित खिलाड़ियों के लिए आयोजित फुटबॉल अभ्यास कैंप के लिए विदिशा रवाना हुए और कैम्प समाप्ति के उपरांत वहीं से मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम के साथ कश्मीर श्रीनगर के लिए रवाना होंगे। उनकी इस उपलब्धि पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार सोनी,सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार ताम्रकार,खेल शिक्षक शान मियां,अनवर उल्ला खान,सहित सिरोंज के समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं,अतिथि खेल शिक्षक, फुटबॉल कोच द्वारा इकराम को बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## ब्राह्मणों सहित मंदिर समिति ने दी मुखाग्नि

# महंत बालकदास महाराज 110 वर्ष की आयु में हुए ब्रह्मलीन



**सिरोंज।** नगर के प्राचीन तथा सनातन समाज की आस्था के केंद्र रामलला सरकार के महंत श्री श्री 1008 बालकदास जी महाराज का रविवार देहावसान हो गया। बाल्यकाल से श्री रामलला मंदिर की सेवा पूजा तथा संतो के सानिध्य में उन्होंने मंदिर में साधना की थी। वही अंतिम समय में उनकी सेवा में निरंतर एक महीने से जुटी श्री रामलला मंदिर समिति के सदस्य पदम ताम्रकार ने बताया कि महंत जी की आयु करीब 110 वर्ष की थी वह विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। गत रात्रि उन्होंने अनेक दिनों के पश्चात सरकार की आरती में भाग लिया और ब्रह्म मूहर्त में सुबह साढ़े चार बजे अंतिम सांस ली। उनके देहावसान का समाचार मिलते ही शहर में शोक की लहर छा गई। मंदिर में उनके अंतिम दर्शन के लिए श्रद्धालु एवं सनातनियो की भीड़ उमड़ने लगी। वही अंतिम यात्रा में महंत जी को डोले में बिठाया गया था। इसके पूर्व मंदिर परिसर में ही भक्तों द्वारा सारी प्रक्रियाएं संपन्न हुई। दोपहर को दो बजे हरि कीर्तन के साथ श्री रामलला सरकार से उनकी अंतिम यात्रा प्रारंभ हुई। जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई लटेरी रोड स्थित लक्ष्मण जी मंदिर के पास स्थित ब्रह्म घाट पहुंची। श्री राम नाम का संकीर्तन करते हुए निकली अंतिम यात्रा के बाद हुई मुखाग्नि प्रक्रिया के उपरांत श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन हुआ। उनकी अंतिम यात्रा ने विधायक उमाकांत शर्मा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिकगण एवं श्री रामलला मंदिर समिति से जुड़े हुए श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# बुजुर्ग महिला को बंदूक दिखाकर सोने चांदी के गहने लेकर भागे नकाबपोश

### घटना के बाद एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम ने भी जांच शुरू कर दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कोतवाली थाना क्षेत्र के बजरिया हनुमान मंदिर रोड इलाके में रविवार रात करीब 11 बजे एक बुजुर्ग महिला के घर में लूट की वारदात हुई। नकाबपोश बदमाशों ने बंदूक की नोक पर सोना-चांदी के गहने लूट लिए और मौके से फरार हो गए। यह घटना बजरिया हनुमान मंदिर रोड के तोपपुरा इलाके में चौकसे परिवार के घर में हुई।

बदमाशों ने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला गीता बाई चौकसे को पिस्टल दिखाकर धमकाया। उस समय गीता बाई घर के अंदर मौजूद थीं, जबकि उनके पति आगे के कमरे में सो रहे थे। गीता बाई ने पुलिस को बताया कि दो युवक घर में घुसे और कट्टा तानकर जेवर निकालने को कहा, धमकी दी कि ऐसा न करने पर गोली मार देंगे। बदमाशों में से एक ने नकाब पहन रखा था, लेकिन उसकी दाढ़ी साफ दिखाई दे रही थी।

वृद्धा के अनुसार घटना के समय बेटे कहीं घर से बाहर और बहुएं मायके में एक समारोह में गई थीं। वारदात की सूचना मिलते ही सीएसपी अतुल सिंह और थाना प्रभारी आनंद राज मौके पर पहुंचे। एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम ने भी जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी घटनास्थल का दौरा किया और पूरे इलाके में नाकेबंदी कराई गई। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुट गई है।



### अलमारी में रखे कीमती जेवर ले गए बदमाश

महिला ने अलमारी से जेवर दिए, जिसके बाद बदमाशों ने उनके गले का मंगलसूत्र और कान के गहने भी उतरवा लिए। इसी बीच घर के बाहर बैठे बेटे नीलेश चौकसे ने कुछ आवाजें सुनकर घर में दौड़ लगाई, जहां उन्हें लूट की वारदात का पता चला। नीलेश के अनुसार बदमाश लगभग 4 किलो चांदी और 7-8 तोला सोना लेकर भागे हैं।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन के लिए भूमिपूजन किया गया

**शमशाबाद।** सूर्यनगर शमशाबाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए 2 अक्टूबर विजय दशमी के मौके पर नगर में पथ संचालन निकला जाएगा। रामदेव बाबा मंदिर के पुजारी गौरीशंकर शर्मा व विभाग प्रचार प्रमुख शरद श्रीवास्तव ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस पथ संचलन के लिए स्वयंसेवकों की 10 टोलियां घर-घर जाकर संचलन में शामिले होने के लिए संपर्क कर रही हैं। यह आयोजन स्थानीय समुदाय को एक साथ लाने में मदद करेगा और सामाजिक तथा सांस्कृतिक महत्व का होगा। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस पथ संचलन के माध्यम से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के सामने जिपं अध्यक्ष ने रखीं पांच मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुरवाई आगमन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने जिले के विकास के लिए 5 सूत्रीय मांगें रखीं हैं। जिसमें रायसेन जिले के भोजपुर में स्थित मकोडिया डेम का सर्वे पुनः कराने की मांग की गई है। जिससे सांची, विदिशा, बासौदा कुरवाई एवं शमशाबाद की 2 लाख हेक्टेयर से अधिक जमीन सिंचित होगी। जिले को बाढ़ से भी मुक्ति मिलेगी।

विदिशा जिले की 577 ग्राम पंचायतों में किसानों को खेतों में आने जाने के लिए प्रत्येक पंचायत में 2 ग्रेवल सड़कों की मांग की गई है। विदिशा जिले को पायलेट प्रोजेक्ट में शामिल कर राशि आंवटन की मांग सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के सदस्यों को क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए अलग से निधि उपलब्ध कराने की मांग की गई है। वहीं फसल बीमा के नियमों में बदलाव के लिए पटवारी हल्के के स्थान पर खेत को फसल बीमा हेतु इकाई मानने की मांग रखी। जिला पंचायत गीता कैलाश रघुवंशी द्वारा रखी गईं मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।



### मासूम से ज्यादती का प्रयास करने वाले आरोपी को सात साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ढाई साल की नाबालिक के घर में घुसकर बलात्कार का प्रयास करने के आरोपी को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने 7-7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। शासन की ओर से पैरवी एडिशनल डीपीओ मनीष कथोरिया ने की। घटना 9 सितंबर 2024 है जब आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर बलात्कार करने का प्रयास किया। थाना पठारी में मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रस्तुत साक्षियों और गवाहों के बयान से सहमत होते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम कुरवाई जिला विदिशा ने आरोपी को 7-7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### रहवासियों ने दबोचा चोर, भागते समय बाइक से गिरा, कई वारदातें कबूल कीं

**विदिशा।** रविवार रात शिव विहार फेस टू कॉलोनी में रहवासियों ने एक चोर को दबोच लिया। दो युवक बाइक से पहुंचे और लोहे की प्लेटें चोरी करने लगे। तभी लवली गार्डन के मालिक सुनील कुशवाह ने उन्हें देख लिया। सुनील को देखते ही एक युवक प्लेट छोड़कर बाउंड्री कूदकर भाग गया। दूसरा युवक बाइक पर प्लेटें जमा रहा था। भागने के दौरान उसने सुनील पर बाइक चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। इसके बाद सुनील ने उसे दबोच लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### कार की टक्कर से एक की मौत

**विदिशा।** ढ़ोलखेड़ी के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान करारिया के रुसल्ली गांव निवासी 40 वर्षीय विजय लोधी के रूप में हुई है। विजय लोधी बाइक से पूजन सामग्री लेकर गांव जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से विजय को अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया है।

**In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court, Vidisha**

**Presiding Officer: सुश्री शिवांगी सिंह**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCS A/0000178/2025)**

हल्कू सिंह.................. वादी
Vs
स्टेट गवर्मेंट.................. प्रतिवादी

Process Id-/2025
प्रेषिती- पेशी दिनांक : 28/10/2025

(1) सर्वसाधारण पता जिला विदिशा म.प्र

यह कि प्रार्थी हल्कू सिंह ने आपके विरूद्ध आरसीएस के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 29 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश शिवांगी सिंह**
**चतुर्थ व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड विदिशा जिला विदिशा (म.प्र.)**

# सागर जिले के जैसीनगर का नाम बदलकर जय शिव नगर किए जाने की घोषणा के खिलाफ दांगी समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सागर जिले के जैसीनगर का नाम बदलकर जय शिव नगर किए जाने की घोषणा के खिलाफ अब प्रदेशभर में विरोध तेज होता जा रहा है।

सोमवार को विदिशा में दांगी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी और सदस्य सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर नाम परिवर्तन का विरोध दर्ज कराया। समाजजनों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ और भ्रम फैलाकर मुख्यमंत्री से यह घोषणा करवाई गई, जो पूरी तरह से अनुचित और ऐतिहासिक तथ्यों के विरुद्ध है। उनका कहना है कि जैसीनगर सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे किसी भी हालत में नहीं बदला जाना चाहिए।

### समाज ने प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी एकसाथ ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। विदिशा में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में यह स्पष्ट मांग की गई कि जैसीनगर का नाम जस का तस रखा जाए। समाज के वरिष्ठ सदस्य रणधीर सिंह ने कहा कि जैसीनगर का नाम राजा जयसिंह देव के योगदान की पहचान है। इसे बदलना हमारे इतिहास, संस्कृति और स्वाभिमान के साथ अन्याय होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि दांगी समाज इस नाम परिवर्तन का कड़ा विरोध करेगा और जब तक घोषणा वापस नहीं ली जाती, विरोध जारी रहेगा। ज्ञापन के माध्यम से समाज ने मुख्यमंत्री से मांग की कि नाम परिवर्तन की घोषणा पर तत्काल रोक लगाई जाए और संबंधित प्रस्ताव को निरस्त किया जाए।



### राजा जयसिंह देव से जुड़ा नगर का इतिहास

दांगी समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि जैसीनगर का सीधा संबंध दांगी वंशीय शासक राजा जयसिंह देव से है। उन्होंने सन 1570 में तालाब और किले का निर्माण करवाया था और उसी समय नगर की स्थापना हुई थी। नगर का नाम भी उन्हीं के नाम पर रखा गया, जो आज भी राजस्व रिकॉर्ड और ऐतिहासिक दस्तावेजों में दर्ज है।

### कुरवाई में आज भव्य चुनरी यात्रा और रात्रि में महाआरती का आयोजन

**कुरवाई।** माता बाग मंदिर पर आज मंगलवार को भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा सामने घाट मुरलीधर मंदिर से प्रारंभ होकर माता बाग मंदिर कुरवाई तक निकाली जाएगी। चुनरी यात्रा प्रारम्भ सुबह 9:30 बजे से होगा। चुनरी यात्रा नगर में निकाली जावेगी जिसमे बड़ चढ़ कर भक्त जिनमे बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष शामिल होंगे। रात 8 बजे माता बाग मंदिर महानिशा पूजन तथा महाआरती का आयोजन भी होगा। मां कामाख्या से लाया गया सिंदूर भक्तों को वितरित किया जाएगा। समिति ने श्रद्धालुओं से दोनों धार्मिक आयोजनों में शामिल होने की अपील की है।

## स्वयं सेवकों ने पथ संचलन में समर्थन जुटाने निकाली मुखर्जी बस्ती की वाहन रैली

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 'शताब्दी वर्ष' समारोह में दशहरा पर्व पर निकलेगा विशाल सोमेश्वर संगम पथ संचलन, घर-घर दे रहे आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन


राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष पर विशाल पथ संचलन को मूर्तरूप देने व्यापक तैयारियां की जा रही है। आगामी विजया दशमी पर्व पर शहर में 8 बस्तियों से पथ संचलन प्रारंभ कर भोपाल-सागर तिराहे पर संगम होकर दशहरा मैदान में एकत्रिकरण होगा। ध्वज प्रणाम के बाद संघ के प्रांतीय अधिकारी का बौद्धिक होगा।

प्रतिदिन समर्थन जुटाने के लिए घर-घर पहुंचकर स्वयं सेवक संघ कार्यकर्ता गणवेश वितरित कर रहे हैं। स्वयं सेवक संघ का मुख्य उद्देश्य है कि कम से कम एक घर से एक सदस्य इस सोमेश्वर संगम पथ संचलन में जरूर शामिल हों।



### यहां से निकाले जाएंगे बस्ती पथ संचलन

स्वयं सेवक अतुल, आशीष श्रीवास्तव, कृष्ण दुबे, गोविंद सिंगरौली, अमित दुबे, पवन ठाकुर ने बताया कि शहर के चाणक्य बस्ती, प्रताप बस्ती, गोपालपुर बस्ती, अवंतिका बस्ती, पाटनदेव बस्ती, शिवाजी बस्ती से अलग-अलग बस्ती क्षेत्रों से निकाले जाएंगे जो मुख्य मुख्य मार्गो से होकर सागर भोपाल तिराहे पर एकत्रित होंगे। इसके बाद स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवा के अनुशासनबद्ध तरीके से जयघोष करते हुए दशहरा मैदान पहुंचेंगे। जहां संघ के प्रमुख वक्ता सरसों की विचारधारा और गतिविधियों पर प्रकाश डालेंगे।




## जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्य ने की जांच की मांग

# नहरों की मरम्मत कराने करोड़ों रुपए खर्च के बावजूद भी नहीं सुधरे नहरों के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जल संसाधन विभाग, बाड़ी की बारना नहर परियोजना द्वारा नहरों के रखरखाव उनकी मरम्मत में सालाना लाखों करोड़ों रुपये का बजट खर्च किया जाता है। जल उपभोक्ता संस्था और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से बजट तो विभाग में आता है। लेकिन खर्च कर कागजी बाजीगरी के आंकड़े रिकॉर्ड में दर्ज कर फाइलों में रख लिए जाते हैं। जिले में किसानों को सिंचाई के लिए नहरों से पानी दिया जाता है। इसके लिए जल संसाधन विभाग करोड़ों रुपए खर्च कर नहरों का मेंटेनेंस कराता है।

हालांकि हकीकत में मेंटेनेंस खानापूर्ति बनकर रह गई है। नहरों में गाद और मिट्टी घास फूंस इतनी भर चुकी है कि पानी का बहाव रुक गया है। कई जगह नहरों से पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में फसल बर्बाद होने के कगार पर है।

जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह बब्लू मीणा सहित क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य ने इस संबंध में जल संसाधन विभाग, बारना बाड़ी नहर परियोजना के मुख्य कार्यपालन यंत्री को पत्र भी लिखा है। जिसमें उन्होंने नहरों की सफाई व मेंटेनेंस को लेकर सवाल खड़ा किया है।

क्षेत्र की मुख्य और माइनर नहरों की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि किसान परेशानियों से जूझ रहे हैं। नहर क्रमांक 0 से 240 तक पूरी तरह घास और मिट्टी से पटी पड़ी है। ऐसे में पानी का बहाव ठीक से नहीं हो रहा। खेतों तक पानी न पहुंचने से किसान परेशान हैं। नहर किनारे उगी झाड़ियां और टूटी संरचनाएं लापरवाही की खुली गवाही दे रही हैं। किसानों का कहना है कि कागजों पर ही नहर की सफाई हो रही है। गलत रिपोर्ट बनाकर करोड़ों का वारा-न्यारा किया जा रहा है।

सम्राट अशोक हलाली डैम नहर परियोजना नहर क्रमांक-83 से 240 तक की नहरों की जर्जर हालत ग्रामीणों के लिए नई मुसीबत बन गई है। नहरों के किनारे जगह-जगह टूट चुके हैं और गहरी दरारें पड़ गई हैं। जिसके चलते ग्रामीणों को पैदल चलना तक मुश्किल हो रहा है। नहर की यह खस्ताहाल संरचनाएं किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।लेकिन इसके बावजूद जल संसाधन विभाग ने मरम्मत और रखरखाव की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे और स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे किसानों में आक्रोश पनप रहा है।



### सोयाबीन के साथ धान की फसलें भी हुईं प्रभावित

*जिले में किसानों की सोयाबीन के अलावा धान की फसलें भी प्रभावित हुई है। जिससे किसान परेशान है और चिंता में पड़ गए हैं। जिले के किसान फिलहाल जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और नेहरू की बदहाली का खामियाजा भुगत रहे हैं। खेतों में पानी भरे रहने से सोयाबीन के अलावा किसानों की धान की फसलें भी खराब और चौपट हो रही है। कई जगहों पर खेत दलदल में तब्दील हो गए हैं। सोयाबीन धान की फसल तो प्रभावित हो रही है। वहीं रवि सीजन की फसलों की बुआई पर भी संकट गहरा सकता है। तमाम समस्याओं को लेकर जिले के अन्नदाताओं का कहना है ऐसी स्थिति में वह कर्ज में डूब जाएंगे।*

### यहां की नहरों की दुर्दशा नहीं कराई ठीक

सिंचाई विभाग के अधीन अपर पलकमति, लोअर पलकमति, अमरावत डैम, सीहोरा इमलिया डैम की नहरें, परसौरा तालाब की टूटी फूटी नहरों में फैला पानी घास फूस और झाड़ियां उगने से हालात खराब है। खरीफ के सीजन में लिए भी पानी नहीं छोड़ा जा रहा। इसके अलावा माखनी नहर, करमोदिया डैम की नहरों के भी इसी तरह के हालात बने हुए हैं। इसके अलावा सम्राट अशोक हलाली डैम परियोजना की नहरें दीवानगंज से लेकर विदिशा सीमा क्षेत्र तक नेहरें टूटी-फूटी पड़ी है। उनकी मरम्मत जिम्मेदारों ने अभी तक नहीं कराई है, जिससे खरीफ और रवि के सीजन में अंतिम छोर तक पानी कैसे पहुंचेगा यह जांच का विषय है।

### इनका कहना है

हमने ठेकेदारों और जल उपभोक्ता समिति के अध्यक्षों को एक सप्ताह की मोहलत देकर कहा कि ठेकेदारों के टेंडर बुलाकर नहरों की मरम्मत और समय पर साफ सफाई करवा लें। क्योंकि किसानों की अगली फसल रवि सीजन के पलेवा और सिंचाई होना है। इसको लेकर किसान चिंतित थे। जल्द ही सभी नहरों की मरम्मत कराने के बाद उनमें पानी छोड़ दिया जाएगा।

**- प्रतिभा शुक्ला,** ईई, जल संसाधन विभाग रायसेन।

### विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से अभी तक नहीं हो सकी नहरों की सफाई

जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीना और जनपद सदस्य का कहना है कि समय रहते जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और जल उपभोक्ता संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों को मिलजुलकर नहरों की साफ सफाई और मरम्मत करवा लेना चाहिए। नहीं तो किसानों की टेल एरिया तक की खेतों में खड़ी फसलों को सिंचाई करना और खेतों के पलेवा कार्य आदि काम कैसे करेंगे। बांधों तालाबों की नहरों की बदहाली स्थिति विभागीय अधिकारियों और जल उपभोक्ता संस्था समितियां की अध्यक्षों की लापरवाही का यह नतीजा है कि नहरों की मरम्मत और साफ सफाई सितंबर महीने के आखिरी सप्ताह में भी नहीं हो पाई ।यह बड़ा चिंतन का विषय है। ऐसे हालातो के चलते किसानों की साल भर की मेहनत पर फिर पानी फिरता नजर आ रहा है। जिले के अन्नदाता फिर आर्थिक संकट से जूझेंगे, जबकि विभागीय अधिकारी एक सप्ताह की मोहलत दे रहे हैं। ठेकेदारों से बातचीत करके हुए नहरों की मरम्मत का ठेका करके नहरों की स्थिति को सुधार देंगे।

भारतीय किसान संघ के मिट्ठूलाल मीणा, किसान जागृति संगठन के इरफान जाफरी राजेंद्र बाबू राय रज्जू भइया जनपद सदस्य हरनाम सिंह जाट, जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, विजय चौकसे का कहना है कि किसानों की गंभीर समस्या को देखते हुए नहरों की मरम्मत जल्द कराई जाए। ताकि समय रहते किसान रबी सीजन की फसलों की तैयारियां समय पर कर सकें। इन तमाम समस्याओं पर जिम्मेदार अधिकारियों को समय रहते गंभीरता से ध्यान देकर ठीक करवा लेना चाहिए।

## मूलभूत सुविधाओं से परेशान कॉलोनीवासियों ने सौंपा ज्ञापन

### अधूरे कार्यों व समस्याओं के समाधान की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

29 सितंबर को गोल्डन सिटी कॉलोनी मैं निवास करने वाले निवासियों के द्वारा एसडीएम संतोष मुद्गल और सीएमओ हरिशंकर वर्मा को ज्ञापन के माध्यम से समस्याओं के समाधान को लेकर मांग की है।

कॉलोनी में निवास करने वाले लोगों ने बताया कि कॉलोनाइजर के द्वारा प्लाट की बिक्री के दौरान जो कुछ बताया गया था वैसा कॉलोनाइजर के द्वारा नहीं किया गया। आज भी कॉलोनी में कई कार्य अधूरे पड़े हुए हैं।

अधूरे कार्य गोल्डन सिटी कालौनी जो कि टीएंडसीपी एवं रेरा अनुमोदित कॉलोनी के रूप में विकसित की गई है, उसमें शर्तों (विज्ञापन पत्रक) के अनुसार कार्य अपूर्ण रूप से किया गया है, जिसमें आज दिनांक तक कॉलोनाइजर के द्वारा कॉलोनी में एक मंदिर का निर्माण नहीं किया गया है।कॉलोनी में उद्यान का काम अभी भी अधूरा है, प्रवेश द्वार पर सडक़ या रैम्प नहीं है और इसका कोई रख-रखाव भी नहीं है। उद्यान में बच्चों के खेलने के लिए झूले बेठने के लिए कुर्सी लगाना बाकी है। कॉलोनी में पानी की टंकी होने के बावजूद अभी तक जलापूर्ति शुरू नहीं की गई है, जलापूर्ति पाइप कई स्थानों पर टूटी हुई हैं तथा उन्हें ठीक से फिट नहीं किया गया है। कालोनी में खाली पलट में पेड़ पोधै हो रहे है जिनमे खतरनाक जीवजंतु का डर बना राहत है। इस तरह की एक नहीं कई ऐसी समस्याएं हैं जिनमें स्ट्रीट लाइट बिजली प्रवेश द्वार जिस संबंध में कॉलोनाइजर से यहां के निवासियों के द्वारा कई बार बोला जा चुका है लेकिन किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हो रही है

समस्याओं का हो समाधान यदि कॉलोनी निवासी टीएंडसीपी और रेरा अनुमोदित कॉलोनी में प्लॉट खरीदता है. तो कॉलोनी निवासियों को कॉलोनाइजर से वे सुविधाएं मिलनी चाहिए जो उन्हें टीएंडसीपी और रेरा अनुमोदित कॉलोनी में मिलनी चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से निवेदन है कि इन समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द जल्द करवाया जाए। ज्ञापन देने के दौरान कॉलोनी वासी रहे मौजूद।

## अचीवर्स कॉलेज ने चुनरी यात्रा निकाल कर की माता विंध्यवासिनी को अर्पित



**हरिभूमि न्यूज, बाड़ी।** नगर के अचीवर्स कॉलेज के विद्यार्थियों एवं स्टॉफ द्वारा सेवा संकल्प के साथ नवरात्रि सप्तमी पर कॉलेज परिसर से चुनरी यात्रा का आयोजन किया। विंध्याचल पर्वत की ऊंची पहाड़ी पर विराजमान मां विंध्यवासिनी को चुनरी भेंट की गई। चुनरी यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ भजन कीर्तन से पूरी तरह सरोवर देखी गई। महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की नगर में काफी प्रशंसा हो रही है।

## नप अध्यक्ष ने भेंट किए ढोलक-मंजीरे

# नवरात्रि महोत्सव में भक्ति रस घोलेगी महिला भजन मंडली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची।

नवरात्रि पर्व की गूंज से आलोकित नगर में भक्ति और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। इसी पावन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष एवं समाजसेवी पप्पू रेवाराम ने वार्ड क्रमांक एक में सक्रिय महिला भजन मंडली को भजन-संगीत की साधना को सशक्त बनाने ढोलक व मंजीरे भेंट किए। इस दौरान महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुशीला अहिरवार भी मौजूद रहीं।

नगर में नवरात्रि की धूम चरम पर है। सभी वार्डों में माता रानी की मनोहारी झांकियां सजकर भक्तों को आकर्षित कर रही हैं। झांकियों पर प्रतिदिन संध्या बेला में गूंजती महाआरती और भजन-कीर्तन श्रद्धालुओं को दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर रहे हैं। नवरात्रि की इन पावन संध्याओं में नगरवासी बड़ी संख्या में घरों से निकलकर झांकियों में पहुँच रहे हैं।



## पुलिस के द्वारा चौक चौराहों पर नुक्कड़ सभा कर की जा रही चर्चा

# अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा को लेकर किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जाने वाले विशेष जागरूकता अभियान अभिमन्यु 3 के अंतर्गत गली, मोहल्ला और बाजार सहित स्कूलों में लोगों से चर्चा कर महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेषकर पुरूषों को जागरूक करने हेतु विशेष जागरूकता अभियान अभिमन्यु-3जो 9 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाना है। जिसको लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।



इस अभियान के अंतर्गत पुरुषों खासकर युवाओं में बाल्यकाल से ही पुरुषों में लैंगिक समानता एवं एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना जाग्रत की जा रही है। जिस प्रकार अभिमन्यु ने गर्भावस्था में ही माता-पिता से ज्ञान प्राप्त किया था। उसी प्रकार अभिभावकों को भी अपने बालको को बाल्यकाल से ही सामाजिक नैतिक मनोवैज्ञानिक एवं कानूनी ज्ञान दे कर जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों में छात्राओं को और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश बालिकाओं और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकना है।

जागरूकता के प्रयास पुलिस द्वारा नगर के शासकीय स्कूल और सार्वजनिक स्थानों पर मैं हूं अभिमन्यु अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया। बालिकाओं और महिलाओं को अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही समाज में व्याप्त बुराइया-नशा, दहेज, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, अशिक्षा, लिंगभेद के चक्रव्यूह को तोड़ने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए सभी को जागरूक किया गया।

# पीएमश्री स्कूल में हुआ प्रतिभाओं का गरिमामय सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

शासकीय पीएमश्री हायर सेकंडरी स्कूल दीवानगंज में नगर की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच दीवानगंज गिरजेश नायक, श्रीमति अंजना यादव अमित राघव उपस्थित हुए। अतिथियों का फूलों के गुलदश्ते भेंट कर स्वागत किया। मंच संचालन राजेश्वरी लोधी ने किया।

मंचासीन सभी प्रतिभाओं ने मंच साझा करते हुए विद्यार्थियों के सामने अपने जीवन के अनुभव और संघर्ष की कहानी बयां की। नवाचार के बारे में स्कूली छात्र छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। शिक्षकों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया।




### इन प्रतिभाओं का किया सम्मान....

दीवानगंज की पर्वतारोही विजेता अंजना यादव, रियल स्टेट व्यवसायी पीयूष अग्रवाल, एमबीबीएस डॉ ईशा साहू अंबाड़ी, डॉ शामिया दीवानगंज, एमबीबीएस अदिति राघव, सावित्री लोधी, मेडिकल ऑफिसर डॉ प्रवीण नायक, शिवानी नायक एडवोकेट, डॉ रीतेश मीणा पशु चिकित्सक बरजोरपुर, सोनू जाटव बीटेक इंजीनियर आदि का सम्मान किया गया है।

## डाबरी से सुनवाहा देवी मंदिर निकाली वाहन रैली, युवाओं की सहभागिता

# धर्म, राष्ट्र और आस्था का अद्वितीय संगम बनी वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तेज मंत्रोच्चार, लहराते भगवा ध्वज और राष्ट्रभक्ति के जयकारों से गूंजता वातावरण कुछ ऐसा ही दृश्य था जब डाबरी (सियरमऊ) स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से सुनवाहा स्थित जगतारण माई खेरमाता धाम तक निकली अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल की भव्य वाहन रैली धर्म, संस्कृति और एकजुटता का प्रतीक बन गई।

सुबह विधिवत पूजन-अर्चन के साथ आरंभ हुई इस रैली में 1000 से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता ने इसे एक आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना के महोत्सव में परिवर्तित कर दिया। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर यह रैली जब रास्ते में निकली तो गांव-गांव, गलियों और चौराहों पर उत्सव सा माहौल दिखाई दिया।

कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग मंत्री संजय खरे ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि यह आयोजन केवल संगठन की शक्ति प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति और परंपराओं की जीवंत झलक है।

उन्होंने कहा कि यह रैली आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती है। रैली जब सुनवाहा माता मंदिर पहुंची तो वहाँ परंपरागत शस्त्र पूजन, संकल्प सभा और महाआरती का आयोजन किया गया। भक्तों के चेहरों पर भक्ति और उत्साह की अनोखी आभा दिखाई दी और भारत माता की आरती के साथ वातावरण एक नई ऊर्जा से भर उठा।



### नई जिम्मेदारियों की घोषणा

*यहां पर बरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा संगठनात्मक मजबूती के लिए नए दायित्वों की घोषणा भी की गई। जिसमें राजू पटेल को जिला अध्यक्ष, सागर (पूर्व), हर्ष लोधी जिला महासचिव, कृष्णकांत सोनी जिला मीडिया प्रभारी व धर्म प्रसार प्रमुख रायसेन तथा राजेश रघुवंशी को सिलवनी तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया। कार्यक्रम में प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया, प्रांत उपाध्यक्ष कैलाश गौर, प्रांत मंत्री केके तिवारी, जिला अध्यक्ष भोपाल अनुज सिंह ठाकुर, विभाग अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, गोलू मालवीय, विभाग मंत्री अरविंद खरे और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। वाहन रैली के सुल्तानगंज पहुचने पर तहसीलदार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम दो ज्ञापन भी सौंपे गए। जिसमें जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने तथा सुल्तानगंज का नाम बदलकर हनुमानगढ़ या पृथ्वीगढ़ करने की मांग की गई।*